उत्तर प्रदेश शासन
कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3
संख्या-499 /2025/272 के-2/22-3-2025-17(121)/2018
लखनऊ: दिनांक: 06 नवम्बर, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-473 (दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 की धारा-432) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदर्श कारागार, लखनऊ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी मो0 सलीम (बन्दी संख्या-14954) पुत्र श्री मो0 शाहिद, निवासी-538ख/32बी, खदरा शिवनगर, कुम्हारनटोला, थाना-हसनगंज, जनपद-लखनऊ, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-03/2002 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302, 435, 427 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0-3, लखनऊ के आदेश दिनांक 04-06-2003 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, जिसकी अपील मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक-29.11.2021 द्वारा निर्णीत करते हुए उक्त आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया, द्वारा दिनांक 01-04-2023 तक 21 वर्ष, 07 माह 19 दिन की अपरिहार सजा तथा 27 वर्ष, 11 माह, 12 दिन की सपरिहार सजा भोगने तथा जेल आचरण अच्छा होने के दृष्टिगत बन्दी को उ0प्र0 जेल मैनुअल, 2022 के प्रस्तर-180 के अन्तर्गत नामिनल रोल पर सम्यक् विचारोपरान्त उनकी शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि बन्दी को किसी अन्य वाद में कारागार में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बंदी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश मिश्र
संयुक्त सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 राज्यमंत्री जी के सूचनार्थ।
3- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, आदर्श कारागार, लखनऊ।
5- पुलिस आयुक्त, लखनऊ।
6- जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ।
7- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में दिनांक 10.09.2024 को पारित आदेशों के सन्दर्भ में।
8- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in